फेयरवेल में जूनियर्स ने सीनियर्स को किया सम्मानित

मैट्स विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

रायपुर। कालेज का पहला दिन और तीन साल बाद विदाई समारोह का दिन हर विद्यार्थी को याद रहता है। अधिकांशतः कालेज लाइफ से ही जीवन का लक्ष्य तय होता है और विद्यार्थी अपने कैरियर का निर्माण करते हैं। यह बातें मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा ने हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह में कहीं।

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग द्वारा बी.ए. एवं एम.ए. के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में जूनियर्स ने सीनियर्स विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यर्थियों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की और अपने अनुभव बांटकर इसे यादगार क्षण बताया। इस अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारे समय में सोशल मीडिया नहीं था और सभी से जुड़े रहने का एकमात्र सहारा खत हुआ करता था। आज सोशल मीडिया के

माध्यम से आप सभी एक–दूसरे से जुड़े रह सकते हैं। हमेशा सभी साथ रहें क्योंकि यह साथ आपके कैरियर का भी निर्माण करता है।

विदाई समारोह में विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि छात्र जीवन के क्षण काफी अनमोल होते हैं जो हमें हमेशा याद रहते हैं। सभी विद्यार्थी अपने कैरियर का निर्माण कर अपने जीवन को सफल बनाएँ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा सहयोग मिलता रहेगा और सभी विद्यार्थी उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होकर अपने परिजनों, शिक्षकों, शहर, राज्य और देश का नाम रोशन कर अपने जीवन को सफल बनाएं। इस अवसर पर मैट्स स्कूल आफ बिजनेस स्टडी के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता ने कहा कि जुड़ना आसान होता है लेकिन जुड़े रहना काफी कठिन होता है। आप सभी हमेशा इस विश्वविद्यालय से और अपने सहपाठी मित्रों से जुड़े रहें।

जूनियर्स विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में सीनियर्स छात्र–छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी एवं अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विदाई समारोह को यादगार बनाया। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को मिस्टर और मिस फेयरवेल का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बी.ए. अंतिम वर्ष में सुधांशु मिश्रा, नाज खान तथा एम.ए. अंतिम वर्ष में एजाज खान व कृपा अरुणा क्रमशः मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल चुने गये। सीनियर विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें विभाग के सभी प्राध्यापकों का हरसंभव सहयोग मिलता रहा और वे आगे की पढ़ाई भी इसी विभाग से जारी रखकर सफलता के शिखर तक पहुंचेंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवन के साथ किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं सभी सेमेस्टर के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।